सत्यमेव जयते

CSIR


**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद**
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार




# उपलब्धियों की पहचान
# नवाचारों का सम्मान

*"भारत का नवाचार किफायत और प्रभावकारिता का अद्भुत सम्मिश्रण है। हमने देश में नवाचार, शोध और विकास के लिए, सुदृढ़ व्यवस्था बनाने के लिए समग्र प्रयास किये हैं।"*

**नरेन्द्र मोदी**

## सीएसआईआर हीरक जयंती

# प्रौद्योगिकी

## पुरस्कार 2020

### के लिए नामांकन आमंत्रित हैं

**भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि करने में योगदान देने हेतु पुरस्कार**

## पात्रता

- भारतीय नागरिकों की टीम।
- कोई भी कंपनी/ संगठन जिसके 50 % से अधिक शेयरों के मालिक भारतीय नागरिक/ संगठन हो।
- प्रौद्योगिकी का विकास भारत में किया गया हो अथवा यदि उसका विकास अन्यत्र किया गया है तो उसमें महत्वपूर्ण भारतीय अंश होना चाहिए।

## पुरस्कार

# ₹ 10 लाख

**प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न**

## मापदंड

**ऐसी प्रौद्योगिकी जिसने:**

- नए बाजार का सृजन किया हो या वर्तमान बाजार के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो और जिसने विविध प्रकार के उपयोगकर्ताओं तथा उपभोक्ताओं को लाभान्वित किया हो।
- नवीनता, मूल्य, गुणवत्ता, क्रियात्मकता तथा विश्वसनीयता की दृष्टि से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सफलतापूर्वक प्रतिस्पर्धा की हो।
- कंपनी/संगठन की ब्रांड इक्विटी या छवि एवं पूंजी को बढ़ाने में सहायता की हो।
- देश में रोजगार को बढ़ावा दिया हो।



**नामांकन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:**

**25 जुलाई, 2021**

नामांकन के लिए सीएसआईआर की वेबसाइट **www.csir.res.in** पर लॉग इन करें।

## सीएसआईआर हीरक जयंती प्रौद्योगिकी पुरस्कार (सीडीजेटीए)

........... ऐसे उत्कृष्ट प्रौद्योगिकीय नवोन्मेष को मान्यता एवं सम्मान देना जिसने भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि करने में सहायता की हो.......

# सीएसआईआर हीरक जयंती प्रौद्योगिकी पुरस्कार

## 1. प्रस्तावना

नवोन्मेषी विज्ञान पर आधारित प्रौद्योगिकीय नवोन्मेष को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से **सीएसआईआर** ने अपने हीरक जयंती स्मरणोत्सव के अवसर पर 26 सितम्बर, 2002 को वार्षिक **हीरक जयंती प्रौद्योगिकी पुरस्कार** की शुरूआत की थी। इस पुरस्कार की शुरूआत इस बात को मान्यता देते हुए की गई थी कि अग्रणी प्रौद्योगिकीय सफलताएं प्राप्त करने के लिए समर्थक अवसंरचना तथा समर्थनकारी प्रणालियों के सृजन में निवेश करना ही काफी नहीं होगा। भावी निवेशकों और नवोन्मेषकों को सतत रूप से प्रोत्साहन और बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता है ताकि वे अपनी सृजनात्मक क्षमता को उन्मुक्त कर सकें और उसका पूर्ण रूप से दोहन कर सकें। इसके अतिरिक्त, उत्कृष्ट कार्यनिष्पादकता देने में सफल लोगों को राष्ट्र द्वारा सम्मानित किए जाने की आवश्यकता है।

यह पुरस्कार वैज्ञानिकों, इंजीनियरों तथा प्रौद्योगिकीविदों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदान किया जाता है ताकि वे ऐसी नवोन्मेषी प्रौद्योगिकियों और उत्पादों का विकास कर सकें जो विश्व में सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकियों और उत्पादों में से हों और जिनसे भारत की छवि में श्रीवृद्धि होती हो। इस पुरस्कार के तहत ऐसी प्रौद्योगिकियों पर विचार किया जाता है जो वाणिज्यिक तौर पर सफल उत्पादों, प्रक्रमों और सेवाओं में परिणत होती हों और जिन्होंने सतत रूप से भारत को प्रतिस्पर्धात्मक लाभ दिलाए हों। इसके अतिरिक्त, इस प्रौद्योगिकीय नवोन्मेष को साथ ही साथ शैक्षणिक संस्थानों, अनुसंधान एवं विकास और वित्तीय संस्थानों तथा उद्योग व वाणिज्यिक क्षेत्रों के बीच अंत:क्रियाओं को भी व्यापक बनाने में सहायता करनी चाहिए और वाणिज्यीकरण के नए साधन उपलब्ध कराने चाहिए।

इस पुरस्कार का उद्देश्य ऐसी वैज्ञानिक खोज अथवा प्रौद्योगिकीय नवोन्मेषों को प्रोत्साहन देना है जो बाजार में पहुँच चुकी हैं। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष ऐसी प्रौद्योगिकी को प्रदान किया जाता है जिसका विकास भारतीय नवोन्मेषकों द्वारा देश में ही किया गया हो और जो उच्चतम वैश्विक मानकों को पूरा करती हो।

## 2. शर्तें एवं अनिवार्यताएं

### 2.1 पुरस्कार

इस पुरस्कार के तहत 10 लाख रुपये की नकद राशि, एक प्रशस्ति-पत्र और एक स्मृत्ति चिह्न प्रदान किया जाता है।

## 2.2 पात्रता

नामिती अवश्यमेव:

- भारतीय टीम, कंपनी अथवा कोई संगठन होना चाहिए। टीमों के मामलों में भारतीय नागरिकता पूर्वापेक्षा है। कंपनी/संगठन के मामले में इसके शेयरों अथवा परिसंपत्तियों के 50 प्रतिशत से अधिक शेयरों अथवा परिसंपत्तियों के स्वामी भारतीय नागरिक/संगठन हों।
- प्रौद्योगिकीय नवोन्मेष का उद्गम भारत में ही हुआ हो, अथवा यदि उसका विकास कहीं अन्यत्र भी किया गया है तो उसमें महत्वपूर्ण तथा अत्यधिक नवोन्मेषी भारतीय घटक होना चाहिए।

## 2.3 पुरस्कार हेतु मानदंड

ऐसा प्रौद्योगिकीय नवोन्मेष जिसने

- नए बाजार का सृजन किया हो या जो वर्तमान बाजार के विकास में महत्वपूर्ण रहा हो और जिसने प्रतिस्पर्धात्मक लाभ और विविध उपयोगकर्ताओं/उपभोक्ताओं की प्रतिक्रिया प्रदर्शित की हो;
- नवीनता, मूल्य, गुणवत्ता, प्रकार्यात्मकता तथा विश्वसनीयता की दृष्टि से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सफलतापूर्वक प्रतिस्पर्धा की हो;
- कंपनी/संगठन की पूंजी अथवा उसकी उपयोगिता/ब्रांड इक्विटी अथवा छवि बढ़ाने में सहायता की हो;
- देश में रोजगार को बढ़ावा दिया हो; और
- सामान्य तौर पर सामुदायिक लाभों में योगदान दिया हो और समुदाय के जीवन की गुणवत्ता के मानकों को बेहतर बनाने में सहयोग दिया हो।

## 2.4 वर्ष 2020 के पुरस्कार हेतु नामांकन निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत किए जाएं।

## 2.5 चयन प्रक्रिया

इसके लिए द्वि-चरणीय चयन प्रक्रिया निर्धारित की गई है। अर्हक आवेदकों के नाम संक्षिप्त सूची में रखने के लिए आरंभिक स्क्रीनिंग विविध विषयों के सात प्रतिष्ठित विशेषज्ञों की समिति द्वारा की जाती है। तत्पश्चात इन लघु सूचित आवेदकों के नामों पर एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति द्वारा विचार किया जाता है जिसके अध्यक्ष सीएसआईआर सलाहकार बोर्ड के प्रतिष्ठित प्रौद्योगिकीविद/अध्यक्ष होते हैं और इस समिति के सदस्यों में निम्नवत शामिल होते हैं:

- सीआईआई, एफआईसीसीआई, एएसएसओसीएचएएम जैसे औद्योगिक संघ;
- सीएसआईआर की प्रयोगशालाओं के निदेशक;
- वित्तीय संस्थान/वीसीएफ;

- विगत में सीडीजेटीए पुरस्कार प्राप्तकर्ता; और
- प्रतिष्ठित विशेषज्ञ

इन सभी सदस्यों का नामांकन महानिदेशक, सीएसआईआर द्वारा किया जाता है।

## 3. कृपया संपर्क करें

प्रमुख
प्रौद्योगिकी प्रबंधन निदेशालय - उद्योग इंटरफ़ेस
वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद
अनुसंधान भवन
2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001
दूरभाष: 011 23710453
ई-मेल: cdjta@csir.res.in or tmd-indus@csir.res.in

# सीएसआईआर हीरक जयंती प्रौद्योगिकी पुरस्कार 2020

## आवेदन प्रपत्र

सभी प्राप्त सूचना को गोपनीय रखा जाएगा और पुरस्कार सचिवालय एवं सीएसआईआर प्रौद्योगिकी पुरस्कार चयन समिति के सदस्यों को ही सुलभ होगी।

- कृपया निम्नांकित प्रत्येक में से का उत्तर अधिकतम 200 शब्दों में दें।
- कृपया प्रासंगिक सामग्री यथा संगठन /कंपनी का वार्षिक प्रतिवेदन (गत 3 वर्ष का) प्रौद्योगिकी नवोन्मेष विषयक वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकीय, व्यापार एवं मीडिया कवरेज संलग्न करें।
- यह आवेदन ऐसी वैज्ञानिक खोज अथवा प्रौद्योगिकीय नवोन्मेषों से सम्बन्धित होना चाहिए जो वर्ष 2020 में बाजार में पहुंचे हों।

I. प्रौद्योगिकी का शीर्षक।

II. संगठन/कंपनी का नाम, पता, संपर्क विवरण, कानूनी स्थिति एवम् स्वामित्व पैटर्न।

III. प्रौद्योगिकीय नवोन्मेष का वैज्ञानिक एवम् तकनीकी विवरण।

IV. प्रौद्योगिकीय नवोन्मेष की असाधारण विशेषताएं।

V. प्रौद्योगिकीय नवोन्मेष से होने वाले परिमाणनीय एवं वास्तविक लाभ (परिमाणन हेतु मीट्रिक्स दें)।

VI. व्यवहार में लाए जा रहे अथवा व्यवहार में नहीं लाए जा रहे प्रतिस्पर्धात्मक प्रौद्योगिकीय नवोन्मेषों की विशेषताएं।

VII. प्रौद्योगिकीय नवोन्मेष की विशेषताएं जो इसे इसके प्रतिस्पर्धियों से भिन्न बनाती हैं (विशेषताओं की तुलना करें)।

VIII. निर्धारण करने की विधि सहित प्रौद्योगिकीय नवोन्मेष का निम्नांकित पर प्रभाव (i) भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता (ii) समाज (iii) रोजगार एवं (iv) पर्यावरण।

IX. प्रौद्योगिकीय नवोन्मेष के विकास और अंतरण में आने वाली महत्वपूर्ण वैज्ञानिक एवं तकनीकी चुनौतियां।

X. प्रौद्योगिकीय नवोन्मेष को अवधारणा से वाणिज्यीकरण में विकसित करने के लिए उठाए गए प्रौद्योगिकीय एवं वित्तीय जोखिम अथवा किए गए निवेश।

XI. प्रौद्योगिकीय नवोन्मेष को सुगम बनाने वाले सहयोग तथा भागीदारियां और इनके योगदान।

XII. प्रौद्योगिकीय नवोन्मेष के अनुमानित वर्तमान बाजार शेयर और भावीशक्यता सहित वाणिज्यिक स्थिति तथा इसको निर्धारित किए जाने का आधार।

XIII. संरक्षित एवं आवेदित बौद्धिक संपदा अधिकारों का ब्यौरा (पेटेंट संख्या दर्शाएं एवं सार संलग्न करें)।

XIV. इस प्रौद्योगिकीय नवोन्मेष के परिणाम स्वरूप वैज्ञानिक प्रकाशन (नया संस्करण संलग्न करें)।

XV. उक्त में न दर्शाया गया कोई अन्य महत्वपूर्ण पक्ष।

**घोषणा**

**संगठन के पत्र शीर्ष (लैटर हेड) पर**

_______________________________________________ की ओर से हम प्रमाणित करते हैं कि उपर्युक्त अग्रेषित सारा विवरण सही और पूरा है तथा हम इस पुरस्कार से संबंधित सभी मामलों में सीएसआईआर के निर्णय का पालन करने के लिए सहमत हैं।

स्थान :

तारीख:

(कंपनी/संगठन प्रमुख के हस्ताक्षर)

नाम:

पदनाम: